डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ.61/वाई.पी/26/ 5 अगस्त 2025

# प्रेस विज्ञप्ति
## साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2026

साहित्य अकादेमी वर्ष 2026 के युवा पुरस्कार के लिए अपने द्वारा मान्यता प्रदत्त समस्त 24 भाषाओं में 35 वर्ष या इससे कम उम्र के युवा भारतीय लेखकों एवं प्रकाशकों की पुस्तकों को आमंत्रित करती है। लेखक की उम्र 1 जनवरी 2026 को 35 वर्ष अथवा उससे कम होनी चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 है। आवेदक को पुस्तकों की 2 प्रतियाँ स्व-अभिप्रमाणित जन्म-प्रमाण पत्र (आधार-कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर-कार्ड) के साथ जमा करानी होंगी। पुरस्कार संबंधित विवरण के लिए कृपया युवा पुरस्कार नियम देखें, जो हमारी वेबसाइट www.sahitya-akademi.gov.in पर उपलब्ध है।

साहित्य अकादेमी ने वर्ष 2011 से भारतीय भाषाओं में 35 वर्ष अथवा उससे कम उम्र के युवा लेखकों को प्रोत्साहित करने हेतु युवा पुरस्कार प्रारंभ किया था। भारतीय भाषाओं में युवा लेखकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के लिए ये पुरस्कार अकादेमी द्वारा मान्यता प्रदत्त भाषाओं में दिए गए हैं। असमिया, बाङ्ला, बोडो, डोगरी, अंग्रेज़ी, गुजराती, हिंदी, कन्नड, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयाळम्, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िआ, पंजाबी, राजस्थानी, संताली, संस्कृत, सिंधी, तमिळ, तेलुगु तथा उर्दू में युवा भारतीय लेखकों द्वारा रचित श्रेष्ठ कृतियों को प्रतिवर्ष युवा पुरस्कार प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार एक भव्य समारोह में प्रदान किए जाते हैं, इसमें पुरस्कार विजेताओं को 50,000/- रुपये की राशि, एक ताम्रफलक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।

श्रीनिवासराव

**(के. श्रीनिवासराव)**

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in